# मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 38 करोड़ की लागत से हुए विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं स्वीकृत कार्यों का भूमि पूजन, गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

भिलाई नगर/ छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल ने आज गांधी जयंती के अवसर पर भिलाई क्षेत्र के जनता को कई सारी सौगातें दी है! उन्होंने भिलाई शहर में किए गए 24 विकास कार्यों का ई-लोकार्पण एवं पांच स्वीकृत कार्यों का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भूमि पूजन किया! 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया! इस दौरान विशिष्ट अतिथि माननीय डॉक्टर शिवकुमार डहरिया मंत्री , श्रम, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री माननीय श्री मोहम्मद अकबर , मंत्री, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण, वन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग छत्तीसगढ़ शासन भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में सम्मिलित रहे! कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने भिलाई शहर में हो रहे विकास कार्यों से माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया ! उन्होंने प्रगति रत कार्य अमृत मिशन के तहत पेयजल व्यवस्था , शहीद पार्क निर्माण, भगत सिंह जी की सबसे ऊंची प्रतिमा, रीडिंग जोन, इंग्लिश मीडियम स्कूल अन्य विकास कार्य के बारे में जानकारी देते हुए इस कार्य के लोकार्पण अवसर पर भिलाई आने का अनुरोध किया! विशेष अतिथि के रुप में सम्मिलित सभापति श्री पी. श्याम सुंदर राव एवं महापौर परिषद के सदस्य एवं लोक कर्म प्रभारी श्री नीरज पाल विशेष रूप से मौजूद रहे! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर 1 दिन पूर्व ही कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी कर ली गई थी साफ-सफाई , पंडाल, बैठक व्यवस्था, वीडियो कांफ्रेंसिंग की कनेक्टिविटी जैसे कार्य पूर्ण कर लिए गए थे! कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी , तुलसी साहू, नीता लोधी, पूर्व विधायक भजन सिंह निरंकारी , अरुण सिसोदिया, इरफान खान, निगम के महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, दिवाकर भारती, सुशीला देवांगन, साकेत चंद्राकर, सूर्यकांत सिन्हा, जोहन सिन्हा, दुर्गा प्रसाद साहू , जी राजू तथा एल्डरमैन एवं पार्षद गण सहित अन्य उपस्थित रहे!

24 विकास कार्य सौंपे गए जनता को महापौर श्री देवेंद्र यादव के नेतृत्व में निगम क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं इनमें से 24 बड़े विकास कार्य पूर्ण होने के उपरांत इन्हें आज जनता को सौंप दिया गया! वार्ड क्रमांक 2 मॉडल टाउन सड़क 6 में सीमेंटीकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 29 बापू नगर तालाब से वार्ड 37 सुभाष नगर नाला के समानांतर मार्ग निर्माण कार्य, जोन क्रमांक 4 अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सीमेंटीकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 28 बप्पा आटा चक्की, सतनामी मोहल्ला क्षेत्र में सीमेंटीकरण कार्य , वार्ड क्रमांक 36 तेल्हा नाला जीई रोड से वार्ड क्रमांक 29 मस्जिद तक नाला एवं पुलिया निर्माण कार्य , वार्ड क्रमांक 29 बापू नगर से नंदनी रोड सीएसईबी पावर स्टेशन तक नाला एवं पुलिया निर्माण कार्य , वार्ड क्रमांक 30 सिटी टेलर से वार्ड क्रमांक 29 बापू नगर नाला तक नाला निर्माण कार्य , वार्ड क्रमांक 33 सड़क 11 से मांझी चौक होते हुए वार्ड क्रमांक 31 मस्जिद रोड तक नाला एवं पाथवे निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 30 का

मुख्य नाला निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 28 राजीव नगर एवं श्रमिक नगर में नाली निर्माण कार्य , अमृत मिशन योजना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 खमरिया में उद्यान निर्माण कार्य , वार्ड क्रमांक 6 सुपेला रावण भाटा में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य , वार्ड क्रमांक 50 ए मार्केट के सामने उद्यान के चारों तरफ पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य, वार्ड क्रमांक 29 बापू नगर उद्यान का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य , सुलभ के पास गौतम नगर नाला के किनारे उद्यान विकास कार्य, वार्ड क्रमांक 36 गौतम नगर में उद्यान विकास कार्य, वार्ड क्रमांक 37 मार्केट एरिया में पेविंग ब्लॉक लगाने का कार्य , वार्ड क्रमांक 13 राजीव नगर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य , वार्ड क्रमांक 16 शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुरूद भिलाई के नवीन शाला भवन में अहाता एवं अतिरिक्त कमरा निर्माण कार्य , वार्ड क्रमांक 31 दुर्गा मंदिर में चर्च के पीछे बाउंड्री वाल एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य , वार्ड क्रमांक 28 तिरंगा चौक स्कूल ग्राउंड में 100 नग एलईडी लाइट लगाकर पोल लगाने का कार्य , वार्ड क्रमांक 34 अंडा चौक ग्राउंड में 150 नग एलईडी लाइट लगाकर पोल लगाने का कार्य , वार्ड क्रमांक 21 सुंदर नगर कैंप 2 बैकुंठ धाम में स्वागत द्वार निर्माण कार्य तथा वार्ड क्रमांक 38 में तालाब गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य! इन सभी कार्यों का लोकार्पण माननीय मुख्यमंत्री जी ने किया! पांच बड़े कार्यो का हुआ भूमिपूजन ( 1) जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत सोनिया गांधी नगर से पंचशील होते हुए सुभाष नगर सीएसईबी नगर तक स्थित नाले का चैनलाइजेशन कार्य, (2) जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत बापू नगर उड़िया बस्ती के पीछे से हॉस्पिटल रोड होते हुए रमाताई स्कूल के सामने तक का चैनलाइजेशन कार्य , (3) वार्ड 25 करुणा हॉस्पिटल नंदनी रोड से गौरव पथ तक तेल्हा नाला का विकास कार्य , (4) कोसा नाला का उन्नयन कार्य तथा ( 5) खुर्सीपार स्टेडियम के समीप बनने वाले नवीन महाविद्यालय भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन भी माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा हुआ! प्रसारण के लिए कोसा नाला एवं खुर्सीपार क्षेत्र में की गई व्यवस्था माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किए गए लोकार्पण एवं भूमि पूजन के प्रसारण के लिए कोसा नाला एवं खुर्सीपार में व्यवस्था की गई थी, ताकि आम जनता भी इस कार्यक्रम के साक्षी बन सके! 17 करोड़ की लागत से कोसा नाला एवं 4 करोड़ 27 लाख की लागत से खुर्सीपार स्टेडियम के पास नवीन महाविद्यालय भवन का निर्माण किया जाना है इसका भी भूमि पूजन आज किया गया! नवीन कॉलेज भवन का होगा निर्माण नवीन कॉलेज खुर्सीपार में पढ़ने वाले छात्रों और यहां के स्टाफ को भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव जल्द ही एक बड़ी सौगात देने वाले हैं। 4 करोड़ 27 लाख की लागत से कॉलेज का खुद का भवन बनाया जाएगा। जहां पर्याप्त क्लास रूम , प्राचार्य रूम, एसेंबली हॉल सहित अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं बनाई जाएगी। करीब ढाई एकड़ जमीन में कॉलेज का खुद का नया भवन का निर्माण होगा। इससे कॉलेज स्टाफ में काफी हर्ष का माहौल है। गौरतलब है कि बीते करीब 4 साल से नवीन कॉलेज खुर्सीपार बीएसपी के स्कूल भवन में संचालित किया जा रहा है। लंबे समय से कॉलेज के खुद के भवन की मांग की जा रही है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने इस और पहल करते हुए खुर्सीपार क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ ही खुर्सीपार के इस नवीन कालेज को बेहतर बनाने के प्रयास में लगातार जुटे रहे और शासन से ढाई एकड़ जमीन स्वीकृत कराई है। साथ ही अब शासन ने 4 करोड़ 27 लाख रुपए भी कॉलेज के भवन निर्माण के लिए स्वीकृति

कर दी है। महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर निगम मुख्य कार्यालय में गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण होने के पश्चात माल्यार्पण किया गया! प्रतिमा अनावरण की तैयारी पिछले 2 सप्ताह से किया जा रहा था! निगम मुख्य कार्यालय में गांधीजी की यह पहली प्रतिमा होगी जिसे कलाकारों ने बेहतरीन तरीके से मूर्त रूप दिया है ! गांधी जयंती के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा दिए गए संदेश का वाचन किया गया! कार्यक्रम के दौरान भिलाई निगम के अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र सिंह, उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं तरुण पाल लहरें, निगम के जोन आयुक्त एवं अभियंता सहित अन्य मौजूद रहे!



